SL. No. : ZZ

**C**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 58 ]
Total No. of Questions : 58 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**CCE PF**
**CCE PR**
**REVISED**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh & Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2019 ] [ Date : 04. 04. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

## *परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 58 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 9 × 1 = 9

1. प्रेमचंद जी का जी क्यों ललचाया ?
2. आज की दुनिया कैसी है ?
3. लेखक पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर क्यों सोये ?
4. लालिम और किंचा जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?
5. भारत के खेत कैसे हैं ?
6. एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी ?
7. यशोदा किसकी कसम खाती है ?
8. कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहा जाता है ?
9. मुखिया को किसके जैसा होना चाहिए ?

II. 10. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 5 × 1 = 5

| 'क' | | 'ख' | |
|---|---|---|---|
| अ) | सिंगफो | i) | राम भक्त कवि |
| आ) | कलाम का जीवन | ii) | कृष्ण भक्त कवि |
| इ) | अद्वितीय वास्तुकला | iii) | नगरवासी |
| ई) | सूरदास | iv) | सादगी की मिसाल |
| उ) | समय की पहचान | v) | गोमटेश्वर की प्रतिमा |
| | | vi) | आदिवासी |
| | | vii) | सियारामशरण गुप्त |
| | | viii) | व्हिस्परिंग गैलरी । |

www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $5 \times 1 = 5$

11. मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : .......................
12. गिल्लू की पूँछ : झब्बेदार : : गिल्लू की आँखें : .......................
13. इंटरनेट हैकिंग : अभिशाप : : इंटरनेट बैंकिंग : .......................
14. जीभ की तुलना : देहरी से : : राम नाम की तुलना : .....................
15. भारत माता का वर्णन : मातृभूमि : : आधुनिक मानव का वर्णन : ...................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $14 \times 2 = 28$

16. प्रेमचंद जी ने खरीदारी के बारे में क्या चेतावनी दी है ?
17. लेखिका के प्रति गिल्लू अपनी भावना कैसे प्रकट करता था ?
18. कलाम को जलालुद्दीन ने नई दुनिया का बोध कैसे कराया ?
19. ई-गवर्नेंस का परिचय दीजिए ।
20. 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या संदेश मिलता है ?
21. आप गाँव को 'आदर्श गाँव' कैसे बना सकते हैं ?
22. कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?
23. आधुनिक मानव की भौतिक साधना का विवरण कविता के आधार पर दीजिए ।
24. बलराम कष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?
25. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?
26. मछली ने दोनों दोस्तों को मकान बनाने के संबंध में कैसी राय दी ?
27. मातृभूमि कविता में किन-किन महान विभूतियों का उल्लेख है ?
28. शनि का उपग्रह 'टाइटन' के बारे में आप क्या जानते हैं ?

**अथवा**

शनि एक सुंदर ग्रह है । कैसे ?

29. मीना मैडम ने अंत में बच्चों को क्या संदेश दिया ?

**अथवा**

सत्य की शक्ति के बारे में गाँधीजी का कथन क्या है ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15

30. सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर बहुत खुश था । क्यों ? विवरण दीजिए ।

31. कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए ।

32. 'समय की पहचान' कविता का संक्षिप्त सारांश लिखिए ।

33. 'बाल शक्ति' लघु नाटिका द्वारा बच्चों में किन गुणों को विकसित किया जा सकता है ?

34. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।
तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

35. पंडित राजकिशोर की परोपकारिता अनुसरणीय है । स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

बसंत के उत्तम गुणों का वर्णन कीजिए ।

36. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

असफलता ..............................................
..........................................................
..........................................................
............................................. भागो तुम ।

**अथवा**

तुलसी साथी ............................................... ।
............................................... भरोसो एक ।।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - ख

### ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

37. 'मुश्किल' का विलोम शब्द है –

(A) आसान (B) आसमान

(C) कठिन (D) मुलायम ।

38. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

(A) दायरा (B) सड़क

(C) रीति (D) पुस्तकें ।

39. 'बेटा' का अन्य लिंग है –

(A) सुत (B) बेटी

(C) छात्रा (D) पुत्र ।

40. 'जलप्रपात' इस समास का उदाहरण है –

(A) द्वंद्व (B) द्विगु

(C) बहुव्रीहि (D) तत्पुरुष ।

41. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया का शब्द है –

(A) पढ़ाई (B) पढ़ाना

(C) पढ़ना (D) पढ़वाना ।

42. 'अत्यंत' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) वृद्धि (D) यण् ।

43. इसके बाद क्या करना पड़ेगा

इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्ण विराम (B) विस्मयादिबोधक

(C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



44. भारत ............ नारी का स्थान पूजनीय है ।
    रिक्त स्थान में सही कारक होगा –
    (A) से (B) में
    (C) पर (D) ने ।

45. 'गात' का समानार्थक शब्द है –
    (A) गर्दन (B) गाना
    (C) शरीर (D) आहार ।

46. 'फूल न समाना' मुहावरे का अर्थ है –
    (A) अनुमान लगाना (B) बहुत खुश होना
    (C) घबरा जाना (D) क्रोधित होना ।

## खण्ड - ग

### ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

एक बार भीमराव अपने भाई के साथ पिता से मिलने जा रहे थे । उन दोनों ने एक बैलगाड़ी किराए पर ली । कुछ दूर जाने के बाद जब गाड़ीवान को पता चला कि बैलगाड़ी में बैठे दोनों लड़के महार जाति के हैं, तो उसने तुरंत गाड़ी रोक दी और उन्हें गाली देते हुए गाड़ी से नीचे उतार दिया । इस अपमान का बच्चों के कोमल मन पर गहरा आघात लगा । इन कटु अनुभवों ने बालक भीम के मन में विद्रोह का ऐसा बीज बो दिया, जिसने समय के साथ-साथ एक सक्रिय ज्वालामुखी का रूप धारण कर लिया । अस्पृश्यता, छुआ-छूत समाज का कलंक है । इन सब बातों पर विचार करते हुए भीम ने समाज में फैली इन कुरीतियों को मिटाने का दृढ़ संकल्प लिया । उन्होंने अपना सारा जीवन अछूतों को समानता और न्याय दिलाने में समर्पित किया ।

47. दोनों बच्चों ने बैलगाड़ी किराए पर क्यों ली ?

48. भीम ने कौन-सा दृढ़ संकल्प लिया ?

49. गाड़ीवान ने दोनों बच्चों को गाड़ी से नीचे किस कारण उतार दिया ?

50. भीमराव जी का जीवन किस कार्य के लिए समर्पित था ?

51. बच्चों के कोमल मन पर अपमान का क्या असर पड़ा ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5

52. इंटरनेट की सहायता से बेरोजगारी मिटा सकते हैं ।

53. भैंस ने दोस्तों को पंजर दिखाया ।

54. मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है ।

55. बिछेंद्री का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था ।

56. रोबोनिल एक बुद्धिमान रोबोट था ।

X. निम्नलिखित में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए :

57. अपनी अस्वस्थता को कारण बताकर तीन दिनों की छुट्टी की मंजूरी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए । 1 × 5 = 5

**अथवा**

अपनी परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए माताजी को एक पत्र लिखिए ।

XI. 58. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : 1 × 5 = 5

क) इंटरनेट की उपयोगिता

* प्रस्तावना
* क्षेत्र व उपयोग
* महत्व
* उपसंहार ।

ख) वन-महोत्सव

* विषय प्रवेश
* वृक्षों का उपयोग
* वनों से लाभ
* उपसंहार ।

ग) पर्यटन से लाभ

* प्रस्तावना
* पर्यटन-एक उद्योग
* पर्यटन का विकास
* उपसंहार ।

www.careerindia.com

www.careerindia.com